52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 16.4 °c अधिकतम 28.5 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:38 सूर्यास्त : 5:27 | वर्ष : 52/ अंक : 311 रविवार, 10 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों है, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्व देते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी की चौथी पीढ़ी भी 370 को वापस नहीं ला सकती : अमित शाह



सिर्फ हंगामा खड़ा करो... सूरत बदले या न बदले......

# प्रशासन चुनाव में व्यस्त, ई- रिक्शाएं फिर मस्त

**मुजफ्फरनगर, 09 नवम्बर (बु.)।** 20 नवम्बर को मीरापुर में उपचुनाव होने जा रहा है। जिसके चलते फिलहाल प्रशासन चुनाव की अलग-अलग व्यवस्थाओं में व्यस्त है। इसका आभास ई- रिक्शा चालकों को भी हो चुका है, जिसके चलते चालकों ने अब अपनी अवैध ई-रिक्शाएं फिर से एक बार सड़कों पर उतार दी हैं। दिवाली से पहले आम जनता को सड़कों पर चलने में राहत मिली थी और जनता ने खुद स्वीकार किया था कि जब सड़कों पर चलने में सुखद अनुभव हो रहा है मगर जैसे ही प्रशासन का ध्यान इधर-उधर होता है तो ई- रिक्शा चालक तुरन्त इस बात की सुगबुगाहट एक दूसरे को देकर सड़कों पर उतरने को फिर से तैयार हो जाते हैं, मगर यह धींगामुश्ती ज्यादा दिन नहीं चलेगी, इस बार अवैध ई- रिक्शाएं पकड़े जाने पर चालकों पर जुर्माना ही नहीं बल्कि उन्हें हाथोंहाथ खत्म करने की योजना बनाई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि चेतावनी तो बहुत बार दी जा चुकी हैं और इतनी बार चेतावनी देने के बाद शपथपत्र लेने के बाद भी जब अवैध ई- रिक्शा चालक नहीं



मान रहे तो चुनाव के बाद प्रशासन इस मामले में सख्त कार्यवाही अमल में लाएगा। चुनाव बाद भी एक बार फिर से अंतिम चेतावनी दी जाएगी। प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि अब उक्त ई- रिक्शाओं को छुड़वाने की सिफारिशें नेताजी कम ही करने लगे, क्योंकि जो नेता उक्त ई- रिक्शाओं को छुड़वाने के लिए सिफारिश कर रहे थे, जल्द ही बुलेटिन द्वारा उनके नाम का खुलासा किया जाना था और आम नागरिकों को भी नेताओं की लगातार शिकायत जा रही थी कि वे अवैध कामों में किसी प्रकार की सिफारिश न करें। इसी के चलते अब प्रशासन शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के मूड में दिख रहा है। अब देखना यह होगा कि चुनाव का इंतजार खत्म होने के बाद 23 तारीख को मतगणना से फ्री होकर प्रशासन क्या नई योजना बनाता है। प्रशासन की योजना के तहत ई-रिक्शाओं के संचालन में रूट तय करने के साथ साथ उनके अलग अलग मार्गों पर चलने के कलर भी सुनिश्चित किये जाने हैं। इन सब कामों को योजनाबद्ध तरीके से व्यापारियों, अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों, नगर के वरिष्ठ लोगों की सलाह के बाद धरातल पर उतारा जायेगा।

## साईकिल के सामने हाथी ने घुटने टेके?

### मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

**मुजफ्फरनगर, 9 नवंबर (बु.)।** मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रालोद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत सिंह, आसपा अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर के दौरे के बाद सपा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के दौरे का कार्यक्रम आ गया है, लेकिन बसपा की सुस्त चाल को लेकर इस बात को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है कि हाथी ने साइकिल के सामने घुटने टेक दिए हैं। ऐसे में बसपा समर्थक दलित वोटरों के सामने भी सवाल खड़ा हो रहा है।

अगर पहले घोषित तिथि पर 13 नवंबर मतदान होता तो इसमें प्रचार के सिर्फ दो दिन बाद ही प्रचार खत्म हो जाता। हालांकि अब तिथि बदलने के बाद मतदान बीस नवंबर को होना है। ऐसे में प्रत्याशियों को प्रचार के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय मिल गया है। इस चुनाव में भाजपा और बसपा ने जहां नेताओं की फौज उतार रखी है, वहीं आसपा भी चुनाव को काफी गंभीरता से ले रही है। भाजपा और रालोद गठबंधन इस चुनाव को लेकर काफी सक्रिय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह यहां दौरा कर चुके हैं। जयंत सिंह के फिर एक बार जल्द आने की संभावना है। गठबंधन के स्थानीय मंत्रियों, सांसद और विधायकों के अलावा बाहर से भी ओबीसी से जुड़े मंत्रियों और नेताओं को प्रचार में उतारा गया है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी भी मुस्लिम और ओबीसी वोट बैंक पर फोकस कर रही है। ओबीसी से जुड़े नेताओं को उसने प्रचार में ोंक रखा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के 16 नवंबर को यहां आने की संभावना है। ऐसे में सवाल यह है कि चुनाव मैदान में उतरी तीसरी बड़ी पार्टी बहुजन समाज पार्टी का प्रचार ठंडा क्यों है। अभी तक पार्टी की ओर से एक भी बड़ी सभा नहीं की गई है। बसपा सुप्रीमो मायावती के आने की भी कोई आहट नहीं है। ऐसे में चर्चा चल रही है कि हाथी साइकिल में सामने घुटने टेक चुका है। इसमें परदे के पीछे क्या खेल चल रहा है, इसे लेकर भी जितने मुंह उतनी बाते हैं।



## अयोध्या 14 कोसी परिक्रमा में उमड़े 10 लाख श्रद्धालु

**अयोध्या।** 14 कोसी परिक्रमा शनिवार की शाम तय मुहूर्त 6:32 बजे से एक घंटा पहले ही शुरू हो गई। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली परिक्रमा थी इसलिए श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए। दर्जन भर से ज्यादा स्थानों पर आस्था की लहर आखिरकार मुहूर्त से पहले ही छलक उठी। आस्था का समुद्र परिक्रमा पथ पर जगह-जगह लहराने लगा। उत्साह का आलम यह था कि रामनगरी में एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई थी। अनुमान के मुताबिक शनिवार शाम तक 10 लाख श्रद्धालु पहुंच चुके हैं, श्रद्धालुओं का आगमन जारी है।

## गोपाष्टमी पर्व पर पचैण्डा रोड गौशाला में यशवीर महाराज, मंत्री कपिल देव, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने की गायों की पूजा-अर्चना

### सिर्फ बीमारियां ही नहीं, गौवंशों की सेवा से पुत्र और पुत्रियों की भी होती है प्राप्तिः यशवीर

**मुजफ्फरनगर, 09 नवम्बर (बु.)।** पचैण्डा रोड स्थित गौशाला में अतिथियों के रूप में मौजूद रहे बघरा के यशवीर महाराज, मंत्री कपिल देव अग्रवाल व बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने गौ सेवा का संकल्प लेने के साथ साथ सनातन धर्म व शास्त्रों में लिखे गये गौवंशों के महत्व व उनके प्रत्यक्ष लाभों के महत्व को बताया।

यशवीर महाराज ने इस पर लम्बी चर्चा करते हुए कहा कि कैंसर और ब्लड प्रेशर तक के दुर्लभ इलाज तो गायों के मूत्र, गायों पर हाथ फेरने से होते ही हैं, मगर शास्त्रों को पढ़ा जाये तो पुत्र और पुत्री की प्राप्ति भी इन गायों की सेवा से संभव है। यशवीर महाराज ने कहा कि यदि इन सब चीजों के प्रमाण भी चाहिए हों तो वो भी उनके पास मौजूद हैं कि गाय की कमर पर हाथ फेरने से दो महीने के अंदर ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सनातन धर्म के लोगों ने गौवंशों की रक्षा के लिए सेवा का कार्य छोड़ दिया तो दूसरे वर्ग के लोग इसे खाने तक को तैयार बैठे हैं और हाल फिलहाल भी ये लोग हमारे ही गौवंशों को चोरी छुपकर खाते हैं। उन्होंने बताया कि कभी कभी यदि हम किसी भी देवता अथवा भगवान की पूजा न कर पायें तो अकेली गौ माता में ही सब देवी-देवता विराजमान हैं। अकेली गौ की पूजा करने से ही आपको समस्त देवी देवताओं एवं भगवान की पूजा का फल आसानी से मिल सकता है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्कूली बच्चों को गौशाला तक लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैं बुलेटिन संपादक से भी अनुरोध करूंगा कि वो और मैं विभिन्न स्कूलों में जाते हैं, ऐसे में छात्र-छात्राओं से और स्कूली प्रबंधकों से गोशालाओं में घूमने का आग्रह किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जब नन्हें नन्हें छात्र यहां एक



शेष - पृष्ठ-4 पर

## ना मच्छर रुके ना डेंगू, बुखार से एक की मौत

- रोज मिल रहे डेंगू और मलेरिया के मरीज और लार्वा
- मृतक को पंजाब में हुआ था बुखार, मेरठ में हुई मौत

**मुजफ्फरनगर, 9 नवंबर (बु.)।** ना ठंड आ रही है और ना मच्छरों के प्रकोप से मुक्ति मिल रही है। इसके चलते डेंगू और मलेरिया के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मुजफ्फरनगर के एक युवक की बुखार के चलते मौत हो गई। सरकारी अधिकारी उसकी मौत का कारण मलेरिया बता रहे हैं। उनका कहना है कि उक्त युवक पंजाब में मलेरिया का शिकार होने के बाद यहां आया था और मेरठ के एक अस्पताल में मौत हो गई। सरकारी आंकड़ों में जिले में डेंगू पीड़ितों की तादाद बढ़कर 117 हो गई है। डेंगू का लार्वा भी लगातार मिल रहा है। ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग भी मौसम में ठंडक का इंतजार कर रहा है।

नगर समेत जिले भर में मलेरिया और डेंगू का प्रकोप बेकाबू है। दिवाली पर माना जा रहा था कि बारूद उड़ने के बाद मच्छरों का अंत हो जाएगा। लेकिन ना तो बारूद से मच्छर मरे और ना ही मौसम में इतनी ठंडक आई कि मच्छर गायब हो जाएं। दिन का तापमान लगातार तीस डिग्री के करीब चल रहा है। न्यूनतम तापमान भी 17 के आसपास चल रहा है। ऐसे में मौसम की यह कसरत सेहत पर भारी पड़ रही है। मच्छर हैं कि शहर से लेकर गांव तक मुसीबत बने हुए हैं। रात में पारा कम हो जाता है, लेकिन मच्छरों की मार के चलते पंखा चलाना मजबूरी बना हुआ है। हल्की ठंड



में भी मच्छर पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। इसके चलते मलेरिया और डेंगू भी बेकाबू है। डेंगू से मौतों की खबरें भी आ रही हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ऐसी खबरों को यह कहकर नकार देता है कि ऐसे कोई डेंगू पीड़ित जिले में दर्ज नहीं हैं। ऐसे मामले आम तौर पर बुखार होने के बाद मरीजों के बाहर जाकर उपचार कराने के बाद हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्थानीय टेस्टिंग लैबों और चिकित्सकों का मुंह यह कहते हुए सिल रखा है कि जब तक कोई डेंगू पीड़ित सरकारी लैब में एलाइजा टेस्ट में पॉजिटिव नहीं पाया जाता। तब तक उसे डेंगू पीड़ित घोषित ना किया जाए। ऐसे में बुखार पीड़ितों की प्लेटलेट्स पांच-छह हजार तक गिर जाने के बावजूद उसके बुखार को डेंगू नहीं घोषित किया जा रहा है, भले ही निजी टेस्टिंग लैब्स की रिपोर्ट ऐसा कहती हो।

इस बार बारिश कम होने के कारण डेंगू का प्रभाव तो कम है, लेकिन अधिकारी मान रहे हैं कि प्रतिदिन दो चार डेंगू पीड़ित सामने आ रहे हैं। इसके अलावा शहर समेत जिले के तमाम स्थानों पर डेंगू के मच्छर का लार्वा भी लगातार मिल रहा है। आज एक व्यक्ति की बुखार पीड़ित होने के कारण मौत की खबर आई। जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह का कहना है उक्त युवक कई माह से पंजाब में रह रहा था। जिसे बुखार आदि के लक्षण वहीं पर दिखाई दिए। उसका स्थायी पता मुजफ्फरनगर होने के कारण रोगी का आंकड़ा यहां दर्ज हुआ है। उसकी हालत खराब होने के बाद उसे मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आज उसकी मृत्यु की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि कल टीम उनके घर पर भेजी जाएगी। इसके बाद ही मौत के कारणों के बारे में कुछ कहा जा सकेगा। उन्होंने अभी तक मृतक की जांच रिपोर्ट भी नहीं देखी हैं। दूसरी ओर पालिका भी एक दो दिन फॉगिंग कराकर खामोश हो गई। शहर में नई शामिल आबादियों में ना तो सफाई है और फॉगिंग तो वहां ग्राम प्रधान के राज में ही हुई थी। गलियों में ाडू और नाली सफाई करने तक की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में इन इलाकों में मच्छर हाल बेहाल कर रहे हैं।


**आवश्यकता है**

PURI INDUSTRIES

MACHINE SHOP SUPERVISOR / FOREMAN

पद : 1 | अनुभव : 7-10 साल | वेतन : योग्यतानुसार

MECHANICAL DIPLOMA ENGINEER

पद : 2 | अनुभव : 2-3 साल | वेतन : योग्यतानुसार

इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें -
whatsapp: 9837016491
अन्यथा फैक्ट्री गेट पर संपर्क कर सकते हैं -
पुरी इंडस्ट्रीज
8.5 km, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश।
समय : सुबह 10 से शाम 5 बजे तक


## जिलाधिकारी करेंगे उत्तम गौ सेवा रथ का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 09 नवम्बर (बु.)।** गोपाष्टमी के अवसर पर गौ सेवकों द्वारा दी गई सेवा से गौ सेवा रथ खरीदे जाने की घोषणा आज पचैण्डा रोड स्थित गौशाला में बुलेटिन संपादक द्वारा कर दी गई। उन्होंने बताया कि तीन लाख 19 हजार रुपये में उपलब्ध कराया गया गौ सेवा रथ जल्द ही पूरी तरह तैयार हो जायेगा, जिस पर कृत्रिम गाय माता का रूप विराजमान होगा, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के कर कमलों द्वारा जल्द ही कराया जायेगा। दरसअल मीरापुर उपचुनाव के चलते आचार संहिता लगे होने के कारण अभी जिलाधिकारी द्वारा किसी भी कार्यक्रम में भाग नहीं लिया जा रहा है, ऐसे में मतगणना संपन्न होने के बाद जिलाधिकारी की अनुमति पर उक्त गौ सेवा रथ की तिथि निश्चित कर सभी गौ सेवा करने वाले लोगों को इसकी सूचना विधिवत दी जायेगी।

## पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर बम विस्फोट, 27 लोगों की मौत, 62 घायल

**इस्लामाबाद, 9 नवंबर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर शनिवार को शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ। इस दौरान में कम से कम 27 लोग मारे गए। धमाके में 62 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। धमाका प्रांतीय राजधानी क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हुआ, जब यात्री पेशावर के लिए जाफर एक्सप्रेस के निर्धारित प्रस्थान से पहले प्लेटफॉर्म पर जमा हुए थे। क्वेटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन मुहम्मद बलूच ने कहा कि प्रारंभिक निष्कर्ष आत्मघाती बम विस्फोट की ओर इशारा करते हैं। विस्फोट में 27 लोग मारे गए। पीड़ितों की संख्या बढ़ भी सकती है। क्वेटा डिवीजन के आयुक्त हमजा शफकत ने कहा कि यह एक आत्मघाती हमला था। आत्मघाती हमलावर सामान के साथ स्टेशन पर ही था। हमारी तमाम मशक्कतों के बाद भी आत्मघाती हमला करने के इरादे से आने वाले व्यक्ति को रोकना मुश्किल होता जा रहा है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह एक जातीय बलूच अलगाववादी समूह है, जिसे आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है।

## खाटू श्याम रथयात्रा में चल रहे डीजे पर लगा जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 9 नवंबर (बु.)।** खाटू श्याम रथयात्रा में निर्धारित से तेज ध्वनि में डीजे बजाने वाले संचालक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मुजफ्फरनगर साउंड एंड म्यूजिक सिस्टम एसोसिएशन ने खाटू बाबा के यात्रा में रथ के आगे लगे धड़कन डीजे पर 5000 का जुर्माना लगाया है। एसोसिएशन का कहना है कि कुछ दिन पहले मीटिंग तय हुआ था कि कोई भी 8 बेस से ज्यादा सामान नहीं लगाएगा, लेकिन धड़कन डीजे ने उस नियम को आज तोड़ा है। उसने 11 बेस लगाए हुए थे। इस पर जुर्माने के साथ उसे कहा गया है कि आगे से इस तरह का कोई भी नियम तोड़ा गया तो 50,000 का जुर्माना लगाया जाएगा




## टीवी अभिनेता नितिन सिंह ने की आत्महत्या



**मुंबई, 09 नवंबर (वार्ता)।** टेलीविजन अभिनेता नितिन सिह उर्फ चौहान ने मुम्बई उपनगर के गोरेगांव इलाके में अपने आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। दीन दोशी पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि चौहान यहां अपनी पत्नी और बेटी के साथ रहते थे और काम न मिलने की वजह से वह बेहद तनाव में थे। उन्होंने बताया कि चौहान की पत्नी और बेटी जब बाहर थीं, तब उन्होंने कथित तौर पर रस्सी का फंदा बनाकर छत के पंखे से लटककर खुद्कुशी कर ली। बाद में, उनके परिवार के सदस्य वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि चौहान पंखे से लटके हुये हैं। परिवार के सद्स्यों ने पुलिस को तुरंत सूचना दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चौहान टीवी सीरियल और फिल्म में रोल न मिलने के कारण मानसिक समस्याओं से ग्रसित थे।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 09 नवंबर (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 10 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैः- 1659-शिवाजी महाराज ने प्रतापगढ़ किले के निकट अफजल खान को मार गिराया। 1698-कलकत्ता को ईस्ट इंडिया कंपनी को बेच दिया गया था। 1848-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता सुरेन्द्रनाथ बनर्जी का जन्म हुआ था। 1885-गोटलिएब डेमलेर ने दुनिया की पहली मोटरसाइकिल पेश की थी। 1908-कन्हाई लाल दत्त ने भारत की आजादी के लिए फाँसी के फंदे पर झूलकर शहादत दी थी। 1920-राष्ट्रवादी ट्रेड यूनियन नेता एवं भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपन्त ठेंगडी का जन्म हुआ । 1983-बिल गेट्स ने विंडोज 1.0 सार्वजनिक रूप से पेश किया। 1990- चंद्रशेखर भारत के आठवें प्रधानमंत्री बने। 2000-गंगा-मेकांग सम्पर्क परियोजना का कार्य प्रारम्भ. इसमें भारत, म्यामां, थाईलैण्ड, कम्बोडिया, लाओस और वियतनाम शामिल हैं। 2001-भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। 2006-श्रीलंका में तमिल समर्थक सांसद एन रविराज की हत्या की थी। 2008-भारत-कतर सम्बन्धों को रणनीतिक गहराई देते हुए दोनों देशों ने मस्कट में रक्षा और सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। 2013-राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार विजयदान देथा का निधन हुआ।

## आपका आज का राशिफल

**रविवार, 10 नवम्बर, 2024**

**मेष-** सद्विचारों का उदय, लाभ का मार्ग प्रशस्त, नौकरी पदोन्नति विषयक मसला हल, विशिष्टजनों से सम्पर्क, धर्म अध्यात्म में आस्था, राजनैतिक कार्यों में रुचि।
**वृषभ-** अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, जिन्दगी में नवीन उपस्थित, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि।
**मिथुन-** कार्य व्यवसाय में अनुकूलता, परिवार में धार्मिक आयोजन सम्पन्न, उच्चाधि-कारियों से सम्पर्क, मित्रों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, धर्म में आस्था।
**कर्क-** आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, व्यक्ति विशेष से हानि, सुख-सुविधा का अभाव, मित्रों से मतभेद, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना का आशंका, मानसिक तनाव।
**सिंह-** सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, योजना फलीभूत, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, यात्रा-प्रसंग।
**कन्या-** विविध पक्षों में अनुकूलता, समस्याओं का संतोषजनक समाधान, पठन-पाठन में रुचि, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, धार्मिक स्थलों की यात्रा।
**तुला-** नवीन योजना का श्री गणेश, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, शान्ति।
**वृश्चिक-** गृहस्थिति विपरीत, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, ताल-मेल का अभाव, बात-बात पर क्रोध, घरेलू समस्याओं से अशांति, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक।
**धनु-** स्वास्थ्य अनुकूल, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, भोग-विलासिता की ओर सम्मान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, यात्रा संतोषजनक, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता।
**मकर-** आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, शुभ-भावनाओं का उदय, आत्मीयजनों से मधुरता, आत्मिक शांति, आनन्द की अनुभूति, सुख के जरूरी साधन सुलभ।
**कुम्भ-** विचारित कार्यों में प्रगति, विवाद का समापन, मित्रों से विचार विनिमय, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, मान सम्मान का सुयोग, वैवाहिक जीवन संतोषजनक।
**मीन-** योजना की पूर्ति में बाधा, आरोग्य सुख में कमी, लाभ में अड़चन, पठन-पाठन में अरुचि, सुख शांति का अभाव, विचारों में उग्रता, क्रोध की अधिकता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# आधुनिक मशीनों से लैस एटूजेड रोड स्थित टीएलएफ जिम का भव्य शुभारंभ

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, सांसद चंदन चौहान, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, गौरव स्वरूप रहे शुभारंभ कार्यक्रम में मौजूद






**मुजफ्फरनगर, 09 नवम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर बुलेटिन से जुड़े संजय लूथरा के सुपुत्र आकाश लूथरा द्वारा एटूजेड रोड स्थित टीएलएफ जिम का भव्य शुभारंभ किया गया। तीन फ्लोर पर अलग अलग अत्याधुनिक मशीनों से लैस उक्त जिम में योग, जुम्बा, वेट लिफ्टिंग की सुविधाएं उपलब्ध हैं। अत्याधुनिक मशीनों के साथ साथ जिम के टॉप फ्लोर पर योगा की व्यवस्था खुली हवा का आनंद लेने के लिए की गई है। जहां चार दिवारी न होकर खुले आसमान के नीचे आधुनिक तकनीक से छप्पर डाला गया है। इसी के साथ साथ अन्य दो फ्लोर पर कवर्ड एरिया में आधुनिक इंटीरियर के साथ उक्त जिम बनाया गया है। जिम का शुभारंभ मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, सांसद चंदन चौहान, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप और संजय मित्तल की मौजूदगी में किया गया। सभी ने जिम के संचालक आकाश लूथरा के पिता संजय लूथरा व उनकी माता रेनू लूथरा, दादी संध्या दास को जिम के शुभारंभ के लिए शुभकामनाएं दी और आकाश लूथरा के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिम के शुभारंभ के अवसर पर परिवार के लोगों ने देहरादून, दिल्ली आदि से आकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के साथ आकाश लूथरा को प्यार एवं आशीर्वाद दिया। विजय लूथरा, राजकुमार लूथरा, नितिन दास, पायल, शिल्पी, बजरंगी कुमार, हरदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों संग किया गंगा स्नान मेले की तैयारियों का निरीक्षण



**भोपा, 09 नवम्बर (बु.)।** शुकतीर्थ में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन मुस्तैद हो गया है। मेले की तैयारियों को लेकर शनिवार को मेला मजिस्ट्रेट, जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला पँचायत के अधिकारियों के साथ मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

तीर्थनगरी शुकतीर्थ में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले गंगा स्नान मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा में स्नान करते हैं। गंगा स्नान मेला 12 नवम्बर से 16 नवम्बर तक आयोजित किया जायेगा। जिला पंचायत की ओर से आयोजित किये जाने वाले मेले की व्यवस्थाओं में प्रशासन जुट गया है। शनिवार को मेला मजिस्ट्रेट संजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने अपर मुख्य अधिकारी पवन गोयल से गहनता से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की तथा गंगा घाट व मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिये। एसडीएम संजय सिंह ने अधिकारियों को मेले में शौचालय, स्वच्छ पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सफाई व सीसीटीवी आदि की सुचारू व्यवस्था रखने के दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य गंगा घाट, मेला स्थल व मुख्य मार्गो से गंगा घाट पर जाकर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात, सफाई आदि के बारे में सम्बंधित अधिकारियों से बातचीत की। मेले के दौरान लगने वाले मीना बाजार, गंगा घाट व मेला स्थल पर प्रशासन की विशेष नजर है। मेला ग्राउंड पर सरकारी टैंट व स्टॉल लगाए जा रहे हैं तथा द्वार का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से बीडीओ अक्सीर खान, थाना प्रभारी निरीक्षक नोवेन्द्र सिंह सिरोही, ईओ आलोक रंजन, अक्षय शर्मा, डॉ. महकार सिंह, मण्डल अध्यक्ष डॉ. वीरपाल सहरावत, नीरज रायल शास्त्री, धर्मेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र गर्ग, प्रदीप निर्वाल, देवेन्द्र आर्य आदि मौजूद रहे।

## वारंटी सहित दो लोगों को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 09 नवम्बर (बु.)।** खालापार पुलिस ने चैकिंग के दौरान खालापार के ही रहने वाले शाहवेज उर्फ हड्डी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान का बताना है कि उन्होंने उक्त वारंटी को गिरफ्तार करने के साथ-साथ जाहिद निवासी किदवईनगर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के पास से अवैध असलाह भी बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उक्त दोनों का चालान काट कर जेल भेज दिया गया है।

## शहर कोतवाली का एसपी सिटी प्रजापत ने किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 09 नवम्बर (बु.)।** एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने शहर कोतवाली का शनिवार को अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी घटना में पीड़िता का नाम और पता एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गई जानकारी अवश्य उपलब्ध करायें।

निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, माल खाना, संतरी पहरा, कम्प्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, विवेचक कक्ष, शौचालय, स्नान घर, मेस, बंदी गृह आदि का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने थाना प्रभारी गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी के आदेश दिये। मेस का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों के लिए खाने की गुणवत्ता भी चैक की गई।

## नंदी गौशाला ट्रीटमेंट सैंटर नवीन मंडी में मना गोपाष्टमी पर्व



**मुजफ्फरनगर, 09 नवम्बर (बु.)।** नगर में विभिन्न स्थानों पर जहां हिन्दू धर्म के लोगों ने गाय माता की पूजा अर्चना कर उन्हें घास, फल, रोटी आदि अलग-अलग व्यंजन का भोजन कराया, वहीं नंदी गौशाला ट्रीटमेंट सैंटर कूकड़ा मंडी में भी गौपाष्टमी पर्व विधिवत मनाया गया। इस अवसर पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ट्रीटमेंट सेंटर पहुंचे और उन्होंने कपिला गाय की पूजा अर्चना कर गायों की सेवा में घास की सेवा दी। कार्यक्रम में ट्रीटमेंट सेंटर के सहयोगी राजेश ठेकेदार, सचिन, अनुज, नीशू आदि ने भी भाग लिया। आपको बता दें कि उक्त गौशाला में अनाथ, बीमार, असहाय गौवंशों की सेवा की जाती है। उक्त गौशाला में लगभग 6 से अधिक गौवंश नेत्रहीन हैं, जिनकी लगातार सेवा ट्रीटमेंट सेंटर के संचालक ही करते हैं। इसके अलावा कभी कभी अत्यधिक घायल बंदर व श्वान की सेवा भी यहां होती देखी जा सकती है। हाल ही में प्रशासन द्वारा उक्त गौशाला में गौवंशों के बारिश, ठंड, धूप से बचाव के लिए भव्य टीनशेड भी डलवाया गया है।

## नेपाल बस दुर्घटना में 4 की मौत, 30 घायल

**काठमांडू, 09 नवंबर (वार्ता)।** मध्य-पश्चिमी नेपाल के सुरखेत जिले में शुक्रवार दोपहर एक यात्री बस के राजमार्ग से फिसल जाने से चार लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस के प्रवक्ता बीरेंद्र बिश्वोकर्मा ने बताया कि 34 लोगों को ले जा रही बस राजमार्ग से 150 मीटर नीचे गिर गई, जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि घायलों में से तीन की हालत गंभीर है, उन्होंने कहा कि घातक दुर्घटना का कारण 'ओवरस्पीड' हो सकता है। शुक्रवार सुबह एक अलग दुर्घटना में, नेपाल के चितवन जिले में दो यात्री बसें टकरा गईं, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। नेपाल में हर साल यातायात दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा देते हैं।

## ब्राह्मण मतदाताओं को साधने पहुँचे केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद



**मीरापुर, 9 नवम्बर (बु.)।** मीरापुर विधानसभा उपचुनाव में रालोद-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में ब्राह्मण मतों को साधने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने मीरापुर क्षेत्र में कई स्थानों पर ब्राह्मण समाज के लोगों को सम्बोधित किया। शुक्रवार को सर्वप्रथम मीरापुर में पं. दीपक कृष्णात्रेय के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने ब्राह्मण समाज के लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा-रालोद गठबंधन की प्रत्याशी मिथलेश पाल के पक्ष में समर्थन मांगा तथा ब्राह्मण समाज से मिथलेश पाल की जीत की नींव रखने की अपील की। इस दौरान उनके साथ आये एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज और जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने भी लोगों को सम्बोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान दीपक कृष्णात्रेय ने केन्द्रीय राज्यमंत्री को भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति भेंट की। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री जतिन प्रसाद भाजपा नेता अरुण शर्मा के आवास पर पहुँचे, जहाँ ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया तथा यहाँ मौजूद ब्राह्मण समाज के लोगों को संबोधित करते हुए जितिन प्रसाद ने प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने श्री राम मंदिर अयोध्या एवं काशी विश्वनाथ मन्दिर का भी जिक्र किया। उन्होंने उपचुनाव में रालोद व भाजपा गठबंधन प्रत्याशी मिथलेश पाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने ग्राम भुम्मा में बृजेश शुक्ला के आवास पर आयोजित सभा को भी संबोधित कर मिथलेश पाल के लिये वोट मांगे। इस दौरान मुख्य रूप से रामकुमार शर्मा रागी, दीपक कृष्णात्रेय, अरुण शर्मा, बीके अनमोल, अंकुर पहलवान, डॉ. प्रवीण शर्मा, संजीव वत्स, संजय कुमार शर्मा, विकास कौशिक आदि मौजूद रहे।

## एक शाम श्री श्याम के नाम कार्यक्रम में भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु

### मीरापुर में श्री श्याम के लाड़ले परिवार के तत्वावधान में हुआ श्री खाटू श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन



**मीरापुर, 9 नवम्बर (बु.)।** कस्बे के बैंकेट हॉल में एक शाम श्री श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या कार्यक्रम में मेरठ से पधारे भजन गायकों द्वारा गाये गये श्री खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर जमकर थिरकते रहे। इस दौरान आयोजकों ने श्रद्धालुओं पर जमकर पुष्पवर्षा की। शुक्रवार की देर शाम कस्बे के एक बैंकटहॉल में श्री श्याम के लाड़ले परिवार द्वारा भगवान श्री खाटू श्याम जी की भजन संध्या 'एक शाम श्री श्याम के नाम' का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम आयोजक श्री श्याम के लाड़ले परिवार के सदस्यों द्वारा भगवान श्री खाटू श्याम की ज्योत प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भगवान श्री श्याम को 56 प्रकार का भोग लगाया गया तथा भगवान खाटू श्याम को दिल्ली से लाये गए विशेष वस्त्रों का श्रृंगार कराया गया। इसके बाद मेरठ से पधारे मशहूर भजन गायक विक्की अलबेला, राम रिंकी कश्यप व सोनू अजमेरिया, व सोनू सैनी ने भगवान के भजनों से समा बांधकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान के भजनों पर महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ ने जमकर नृत्य किया तथा घंटों तक श्रद्धालु भगवान के भजनों पर जमकर थिरकते रहे। व्यवस्था बनाने वालों में मुख्य रूप से राजपाल सुकरलिया गुरू जी, प्रभात शर्मा, हनी काम्बोज, मनीष अग्रवाल, डॉ. बलराम गिरी, विकास खटीक, दीपक प्रजापति, आयुष काम्बोज, विकास रस्तौगी, अशोक रस्तौगी, चिराग तरीका, रवि शर्मा, संजय कुमार, कपिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## नए शैक्षिक सत्र से कक्षा तीन में पढ़ाई जाएगी एनसीईआरटी की पुस्तकें

**लखनऊ, 9 नवंबर (एजेंसी)।** प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी बनाने में जुटा बेसिक शिक्षा विभाग शैक्षिक सत्र 2025-26 से कक्षा तीन में भी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों से पढ़ाई कराएगा। इसमें स्थानीय स्तर पर क्षेत्रीय भाषाओं व बोलियों को शामिल किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। परिषदीय विद्यालयों में वर्तमान सत्र 2024-25 से कक्षा एक-दो में एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ाई जा रही हैं। यह पहला साल होने और समय कम मिलने की वजह से बेसिक शिक्षा विभाग इसमें बदलाव नहीं कर सका। वहीं, अब नए सत्र में कक्षा तीन में भी एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ाई जाएंगी लेकिन इसमें 10 से 15 फीसदी तक बदलाव करने की तैयारी है। एससीईआरटी ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार गणित और संस्कृत/उर्दू में बहुत बदलाव की संभावना नहीं है लेकिन हिंदी, अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान विषय में प्रदेश के स्तर पर कुछ चीजें शामिल की जा रही हैं। इसके तहत क्षेत्रीय भाषाओं व बोलियों भोजपुरी, बुंदेलखंडी, अवधी आदि को शामिल किया जा रहा है। इनकी शब्दावली को भी हिंदी की पुस्तक में जोड़ा रहा है, जिससे बच्चे अपने यहां की चीजों की जानकारी पा सकें। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अंग्रेजी और हिंदी में यूपी के परिप्रेक्ष्य में जानकारी जोड़ी जा रही हैं। जल्द ही इसकी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बता दें कि बेसिक शिक्षा विभाग परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित करता है। साथ ही ड्रेस, जूता-मोजा, स्टेशनरी के लिए भी पैसा डीबीटी करता है।

# डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा से प्रदूषण कम करने में मिलेगी मदद: योगी

**लखनऊ, 09 नवंबर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि राज्य की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत से यातायात की समस्या कम करने में मदद मिलेगी और यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक होने के कारण यह बस सेवा प्रदूषण कम करने में मदद करेगी। निकट भविष्य में राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में भी इसी तरह की डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने राज्य की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई और बच्चों के साथ बस की सवारी भी की और बस की विशेषताओं के बारे में जाना। योगी ने बताया कि हिंदुजा समूह राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन संयंत्र स्थापित कर रहा है, जिसका उत्पादन जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने यूपी में स्थानीय कला और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पहलों से कारीगरों को नये मंच और रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

## सीएम योगी का तोहफा, डबलडेकर सिटी बस में महिलाओं को मिलेगी 50 प्रतिशत छूट, शनिवार को मुफ्त होगा सफर



**लखनऊ, 9 नवंबर (एजेंसी)।** प्रदेश की पहली डबलडेकर इलेक्ट्रिक सिटी बस में एमएसटी पर महिलाओं को 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। हर शनिवार को इस बस से हेरिटेज टूर कराया जाएगा, जिसमें महिलाएं मुफ्त सफर कर सकेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें शनिवार को डबलडेकर इलेक्ट्रिक सिटी बस के उद्घाटन के बाद आकांक्षा हाट की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस बस की शुरूआत महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रदूषण कम करने में सहायक सिद्ध होगी। आकांक्षा हाट के कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व उन्होंने बस को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बस में सफर भी किया और बस की खूबियों के बारे में जाना। आने वाले समय में प्रदेश के दूसरे प्रमुख शहरों में भी इसी तरह की डबलडेकर इलेक्ट्रिक बस सेवाएं शुरू की जाएंगी। यहां पर हिंदुजा ग्रुप इलेक्ट्रिक व्हीकल का प्लांट भी लगा रहा है। उत्पादन जल्द ही शुरू हो जाएगा।


# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक–मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/वॉक–इन–इन्टरव्यू/2024–25/–1301 दिनांक– 09–11–2024

## –: विज्ञप्ति:–

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या– SPMU/NHM/NPCDCS/Office Order/2022-23/355-2 दिनांक 17.04.2023 एवं पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/मा0स्वा0/मा0संसा0/105–1/2023–24/1785–2 दिनांक 26.05.2023 एवं पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डी0एच0एस0/12/2022–24/6680–3 दिनांक 23.11.2023 के अन्तर्गत जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा एवं जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त जनपद/ ब्लॉक स्तर पर सृजित एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक (संविदा) हेतु प्राप्त दिशा–निर्देशों के क्रम में संविदा के आधार पर वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से नियुक्ति की जानी है जिसका विवरण निम्नवत् है।

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | फैसिलिटी का नाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पदों सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू0 प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | NP-NCD | Medical Officer | CHC-NCD Clinic | MBBS Degree with UP Medical Council Registration | (1-SC) (1-UR) | 1,00,000-00 |
| 2 | Maternal Health | LMO(Lady Medical Officer) | CHC-Jansath | MBBS Degree with UP Medical Council Registration | (1-UR) | 1,00,000-00 |
| 3 | DHS | Emergency Medical Officer | Dist. Hospital (Male) | MBBS Degree with UP Medical Council Registration +01 Year Experience in Emergency Care | (1-SC) (1-UR) | 1,00,000-00 |
| 4 | DHS | Emergency Medical Officer | District Women Hospital | MBBS Degree with UP Medical Council Registration +01 Year Experience in Emergency Care | (1-OBC) (1-UR) | 1,00,000-00 |

**आवेदन हेतु निर्देश–**

1. उपरोक्त पद पर साक्षात्कार हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वॉक–इन–इन्टरव्यू के लिये नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के 02 सेट बनाकर समस्त अभिलेख दिनांक 11.11.2024 से 25.11.2024 तक आवेदन हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर में जमा करा सकते हैं।
2. उपरोक्त समस्त पदों पर वॉक–इन–इन्टरव्यू दिनांक 27.11.2024 (दिन बुधवार) को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर में सम्पन्न कराया जायेगा।
3. यह पद पूर्णतयाः नियम मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
4. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
5. कोई भी प्रतिकूल प्रविष्टि/तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त की जा सकती है।
6. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
7. इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।

(डा0 एम0एस0 फौजदार)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
मुजफ्फरनगर




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

